
# गल्ला व्यवसायी का अपहरण कर मांगी फिरौती

## मैहर के ग्राम भैंसासुर में सनसनीखेज वारदात

**थाना मैहर अंतर्गत ग्राम भैंसासुर से गल्ला व्यापारी के अपहरण का सनसनीखेज मामला सामने आया है। ग्राम भैंसासुर निवासी दद्दू प्रसाद गुप्ता का शनिवार शाम लगभग 7.30 बजे उनके घर से 3-4 नकाबपोश बदमाशों ने अपहरण कर लिया तथा अज्ञात चार पहिया वाहन से अपने साथ ले गए।**

मैहर।







दद्दू गुप्ता की



परिवारजनों ने तत्काल घटना की शिकायत मैहर थाने में दर्ज कराई। जिसके बाद मैहर पुलिस हरकत में आई तथा चारों ओर नाकेबंदी कर सर्चिंग की गई किन्तु सफलता नहीं मिली। रविवार सुबह रीवा डीआईजी मिथलेश शुक्ला मैहर पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल,सीएसपी राजीव पाठक,मैहर थाना प्रभारी अनिमेष द्विवेदी दल बल के साथ क्राइम स्पॉट पर पहुँचे तथा परिवार जनों एवं पड़ोसियों से पूछताछ की। पुलिस द्वारा सम्पूर्ण छेत्र के सीसीटीवी भी खंगाले जा रहे हैं। मामले में साइबर सेल की भी मदद ली जा रही है तथा पुलिस टीमों का गठन कर रवाना किया गया है। परिवारजनों से प्राप्त जानकारी के अनुसार अपहरणकर्ताओं द्वारा फिरौती भी मांगी गई है।

### वैश्य समाज ने दिया ज्ञापन

मामले की गंभीरता को देखते हुए वैश्य समाज भी हरकत में आया तथा सामाजिक लोगो ने एकत्रित होकर ठोस कार्यवाही कर दद्दू गुप्ता को अपहरणकर्ताओं से मुक्त कराए जाने की मांग की।

### मैहर विधायक पहुँचे मौके पर

मामले की जानकारी प्राप्त होते ही मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी पीड़ति परिवार से मिलने ग्राम भैंसासुर पहुँचे तथा हर सम्भव मदद का भरोसा दिलाया।

### डीआईजी ने घोषित किया 30 हजार रुपए का इनाम

मैहर में हुए अपहरण के मामले की सूचना परिजनों ने मैहर पुलिस को दी। पुलिस ने रात से ही तलाश शुरू कर दी। रविवार की सुबह घटना की जानकारी मिलते ही डीआईजी रीवा मिथिलेश शुक्ला और मैहर एसपी सुधीर अग्रवाल भी भैंसासुर पहुंचे।डीआईजी ने मामले की जानकारी लेने के साथ आरोपियों की गिरफ्तारी पर 30 हजार रुपये के इनाम की घोषणा की है। मैहर टीआई अनिमेष द्विवेदी पहले से ही फोर्स के साथ वहां पहुंच कर जांच-पड़ताल शुरू कर चुके थे। पुलिस ने दद्दू के परिजनों से भी पूछताछ की। कुछ सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को मिले हैं जिसमे वह गाड़ी दिखाई पड़ रही है जिससे दद्दू गुप्ता को अगवा कर ले जाए जाने की बात कही जा रही है। बताया जाता है कि दद्दू गुप्ता अनाज का छोटा कारोबारी है। वह किसानों से अनाज खरीद कर व्यापारियों को बेचने का काम करता है। उसकी किसी से रंजिश की बात भी शुरुआती जांच में सामने नहीं आई है। उधर,क्षेत्र में इस बात की भी चर्चा गर्म हो चली है कि बुजुर्ग दद्दू गुप्ता की रिहाई के बदले में मोटी रकम फिरौती के रूप में मांगी गई है। मैहर एसपी सुधीर अग्रवाल ने भी फिरौती की बात सामने आने की बात स्वीकार की है। सूत्रों के मुताबिक पुलिस द्वारा फिरौती मांगने वाले व्यक्ति के फोन नंबर को ट्रेस करने की कोशिश की जा रही है। इसी आधार पर मुकदमा कायम किया गया है।

### नाकेबंदी कर सर्चिंग

शनिवार रात मैहर थाने में अपहरण की सूचना प्राप्त हुई थी,जिस पर नाकेबंदी कर सर्चिंग की गई थी,किंतु सफलता नहीं मिली थी। सुबह मौके पर जाकर निरीक्षण किया गया है तथा परिवारजनों से बातचीत की गई है प्रयास है कि शीघ्र मामले को सुलझा लिया जाए।

**मैहर एसपी सुधीर अग्रवाल**

## खबर संक्षेप

### रांची में समाजवादी नेता मुरलीधर शर्मा सम्मानित



**सतना।** खरसावां शहीद दिवस की 75 वीं वर्षगांठ पर रांची झारखंड में आयोजित चतुर्थ डा.राममनोहर लोहिया राष्ट्रीय विचार मंथन कार्यक्रम के अंतिम दिन सतना मध्यप्रदेश के वरिष्ठ समाजवादी नेता और अधिवक्ता मुरलीधर शर्मा को वंचितों के अधिकारों के लिए सतत संघर्ष एवं समाजवादी आंदोलनो में सक्रिय भागीदारी हेतु उनकी अनुपस्थिति में उक्त सम्मान पत्र कार्यक्रम आयोजन समिति लोहिया रिसर्च फाउंडेशन नई दिल्ली द्वारा सम्मानित किया गया,स्मृति चिन्ह और शाल झारखंड के पूर्व मंत्री रामचन्द्र केसरी के हाथों कार्यक्रम में शरीक श्री शर्मा के पुत्र अधिवक्ता सुरेंद्र शर्मा ने मंच पर ग्रहण किया।

### शीलेंद्र का इन्फ्लूरेंस बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज



**सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय के फेकल्टी आफ एग्रीकल्चर साइंस एंड टेक्नोलॉजी के कृषि तकनीकी संकाय में कार्यरत पर्यावरण शिक्षक शीलेंद्र उपाध्याय का नाम इन्फ्लूरेंस बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ है। यह उपलब्धि उन्हें सोसल समाजसेवी और रिसर्च के क्षेत्र में पर्यावण विज्ञान में लगातर प्राप्त उपलब्धियों जैसे यंग साइंटिस्ट,यंग रिसर्चर,पर्यावरण रत्न,पर्यावरण प्रोडक्शन अवॉर्ड आदि को लेकर मिला है।पर्यावरण सेवा सप्ताह में 1151 पौधे सतना शहर में लगवाने आदि नेक कार्यों को लेकर दिया गया है। यह पुरुस्कार शीलेंद्र को इंटेनेशन सेंटर राजस्थान में महिमा जैन चीप एडिटर और जायेश भट्ट सोसायटी चीफ़ द्वारा दिया गया। सोहावल से लापता हुईं दोनों नाबालिक लड़कियां सुल्तानपुर में मिली।

### वीरासन देवी प्रांगण में श्रीमद भागवत कथा

**सिलौंडी।** समीपवर्ती प्रसिद्ध देवी दरबार में आज 17 दिसम्बर 2023 से श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ होगा । आज कलश यात्रा माँ देवी दरबार से शुरू होकर कथा प्रांगण पहुँचेगी । श्री मद भागवत कथा का वाचक पंडित राम शुक्ल महाराज वंदावन धाम वाले करेंगे । आयोजन समिती ने सभी भक्तों से बड़ी संख्या में पहुँचने की अपील की है । कथा दोपहर 11.30 बजे से 3.30 बजे होगी । प्रतिदिन रात में रामलीला का आयोजन होगा ।

### धर्मगुरूओं के साथ हुई बैठक दी गई जानकारी

**सिलौंडी।** सिलौंडी में धार्मिक स्थलों एवँ अन्य स्थानों में ध्वनि विस्तारक एवँ लाउड स्पीकर ,डीजे के प्रयोग पर नियंत्रण हेतु धर्म गुरुओं की बैठक का आयोजन ग्राम पंचायत भवन में नायाब तहसीलदार दिनेश आसाठी ,सरपंच पंचो संतोष कुमार ,उपसरपंच राहुल राय ,चौकी प्रभारी मुन्ना लाल करण ,सचिव कुंज बिहारी के सानिध्य में हुई । जिसमें शासन के निर्देश की जानकारी धर्मगुरुओं को दी गयी सभी लोग ने अपनी सहमति दी । इसके बाद दूसरी बैठक मांस मछली का व्यापार करने वालों के संबंध में हुई । नायाब तहसीलदार दिनेश आसाठी ने बताया कि अब से खुले में मांस मछली विक्रय पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा और मांस मछली बेचने वालों को पंचायत से लायसेंस लेकर पंचायत के निर्धारित स्थान पर दुकान लगना होगा । शासन के नियमों के विरुद्ध खुले माँस मछली बेचेंगे उसके विरूद्ध जरूर करवाई होगी

### समिति का गठन

**कटनी।** शासन निर्देशों के अनुपालन में विकसित भारत संकल्प यात्रा के क्रियान्वयन के संबंध में जारी दिशा-निर्देश के अनुकम में कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा आदेश जारी कर नगर निगम स्तरीय समिति का गठन किया है। आदेशानुसार गठित समिति के अध्यक्ष जिला कलेक्टर होंगे तथा सदस्य सचिव आयुक्त, नगर पालिक निगम होंगे।

## लड़कियों ने फोन पर दी थी अपहरण करने की जानकारी, पुलिस कर रही पूछताछ

सतना।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत सोहावल से लापता दोनों नाबालिग छात्राओं को पुलिस टीम ने उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर जिले से दस्तयाब कर लिया है। सिविल लाइन थाना पुलिस टीम दोनों लड़कियों को लेकर सतना पहुंची। दोनों ही लड़कियां पूरी तरह से सकुशल हैं। थाना में महिला पुलिस अधिकारी द्वारा परिजनों की उपस्थिति में इनसे पूछताछ की जा रही है। बताया गया है कि इनमें से 16 वर्षीय लड़की 11वीं कक्षा की छात्रा है,जबकि दूसरी 6 वर्षीय मासूम बालिका है, जो कि दूसरी कक्षा में पढ़ती है। दोनों ही सोहावल की एक ही मोहल्ले में रहती हैं। परिजनों द्वारा इन दोनों छात्राओं के अपहरण की रिपोर्ट सिविल लाइन थाना में दर्ज करायी गयी थी। परिजनों ने पुलिस को बताया था कि दोनों लड़कियां शनिवार को सुबह 9 बजे स्कूल जाने के बाद लापता हुईं। लड़कियों द्वारा अपने परिजनों को फोन करके बताया गया था कि उनका कुछ अज्ञात लोगों द्वारा अपहरण कर लिया गया है। इन लड़कियों ने वीडियो कॉल करके परिजनों को यह बताया था कि उनको बोरा में बंद करके ले जाया गया और एक होटल के कमरे में रखा गया है। उक्त सनसनीखेज घटना की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस हरकत में आई। जिस स्थान से लड़कियों के अपहरण की बात बताई जा रही थी,पुलिस ने वहां पहुंच कर सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले,जिससे पुलिस को कोई खास मदद नहीं मिली। पुलिस द्वारा साइबर सेल की मदद ली गयी। जिसने लड़कियों द्वारा किये गये फोन एवं वीडियो कॉल को सर्विलांस के जरिये ट्रेस किया। साइबर सेल टीम ने लड़कियों का लोकेशन सुल्तानपुर यूपी में बताया। जिस पर सिविल लाइन टीआई योगेन्द्र सिंह परिहार ने एसपी के मार्गदर्शन में एसआई संदीप भारती के नेतृत्व में एक टीम गठित कर सुल्तानपुर को रवाना किया। पुलिस ने उ.प्र. पुलिस के सहयोग से पतासाजी की और कथित तौर पर अपहत छात्राओं को खोज निकाला।

## विंध्य व्यापार मेले का मुख्य द्वार राम मंदिर अयोध्या के रूप में बनाने का प्रयास

### मेला में आयेंगे उपमुख्यमंत्री

सतना।

विन्ध्य चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज द्वारा बीटीआई ग्राउण्ड सेमरिया चौक में 11 दिवसीय 11 वां विन्ध्य व्यापार मेला 2023 आयोजित किया जा रहा है। चेम्बर महामंत्री संदीप कुमार जैन ने बताया कि चेम्बर द्वारा 23 दिसंबर 2023 से 02 जनवरी 2024 तक बी.टी.आई. ग्राउण्ड सतना में 11 वें विन्ध्य व्यापार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे जरूरी चर्चा एवं आवश्यक सहयोग के संदर्भ मे बैठक का आयोजन सायं 4 बजे चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। साथ ही कहा कि प्रवेश द्वार राम मंदिर अयोध्या के तर्ज पर बनाने का प्रयास विशेषज्ञों की टीम कर रही है इसके साथ ही कहा कि मेला सचिवालय के अंदर सभी आवश्यक सुविधाएँ व उद्घोषणा कक्ष रहेंगे।जिसके उद्घाटन की तैयारिया की जा रही है। एवं बताया कि बिजली व्यवस्था के लिए पूर्व मेले के अनुभवी संयोजक एच.एम. जायसवाल की टीम के द्वारा किया जा रहा है जिसके तहत विद्युत विभाग के परम्पारगत कनेक्शन के साथ 240 के.व्ही.के तीन जनरेटर स्थापित किये जा रहे हैं जिसके माध्यम से पूरे मैदान में लगाये जा रहे विद्युत




खम्भे रोशनी बिखेरेंगे एवं सभी समितियों के संयोजको से जानकारियां चाही गई। चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा ने कहा कि मेला ग्राउण्ड में रही प्रत्येक गतिविधियों का अवलोकन प्रतिदिन किया जा रहा है आप सभी के सहयोग से मेला सफल होगा।चेम्बर मंत्री हरिओम गुप्ता ने कहा कि पंडाल का कार्य पूर्णता की ओर अग्रसर है एवं कहा कि मेले में स्वच्छता मिशन पर विशेष जोर दिया जा रहा है। सांस्कृतिक समिति के संयोजक अनिल मोटवानी ने बताया कि 11 दिन के कार्यक्रम का शुभारंभ विन्ध्य के कलाकारों द्वारा भजन संध्या के द्वारा होगा,अगली कड़ी में गजल संध्या एवम लोकगीत की प्रस्तुति रहेगी,फिर दिव्यांगो द्वारा प्रस्तुत तारे जमी पे,बॉलीवुड तड़का,फैशन शो,बॉडी बिल्डिंग शो,ब्राइडल शो,किड्स कार्निवल,विंध्य डांस के सितारे,नव वर्ष की प्रथम संध्या पर भक्तिमय राम दरबार,एवं समापन भूले बिसरे गीतों के साथ रहेगा। आर्ट गैलरी के संयोजक राजेन्द्र अग्रवाल 'शशि' ने बताया कि कला दीर्घा के माध्यम से पुरानी धरोहरों को नई पीढ़ी के सामने लाने का प्रयास किया जायेगा। मेला ग्राउण्ड प्रभारी सुरेश बासाणी,वित्त संयोजक मनोहर वाधवानी,कार्यालय प्रभारी दीपक अग्रवाल,प्रिन्ट संयोजक संजय शाह सहित सभी संयोजको ने भी अपनी बात विस्तार से रखी। बैठक में चेम्बर अध्यक्ष,सतीश सुखेजा वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोहर वाधवानी,कनिष्ठ उपाध्यक्ष दीपक अग्रवाल,महामंत्री संदीप कुमार जैन,मंत्री हरिओम गुप्ता,एवं कोषाध्यक्ष अमित अग्रवाल के साथ-साथ कार्यकारिणी समिति के सदस्यगण,हिमांशु सिंह अरोरा,संजय अग्रवाल,विनोद गेलानी,चितेश ठक्कर,दिलीप सोनी,अमित कुमार भावनानी,अभिषेक खण्डेलवाल,राकेश अग्रवाल,रोहित अग्रवाल,अनिल मोटवानी,संदीप गुप्ता,विनोद गुप्ता,चन्द्रभान दासानी,मनीष अग्रवाल एवं स्वागत समिति के संयोजक आशीष मोंगिया,मेला ग्राउण्ड प्रभारी सुरेश बाषाणी,सतना मोटर्स ट्रान्सपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज शर्मा, प्रिन्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय शाह,विपिन त्रिपाठी,विश्वनाथ गुप्ता,हीरामन जायसवाल,जयप्रकाश शर्मा,केशव मखीजा,धनेश गुप्ता,सुरेन्द्र गुप्ता,वर्धमान जैन,योगेन्द्र अग्रवाल,अनुज अग्रवाल,प्रदीप चौरसिया, विकास सुखेजा,दीपक बलेजा,संजय सेनानी,सुधीर आहूजा,राजेश कोटवानी,रामकुमार अग्रवाल,कालू पुरस्वानी,भरत आहूजा,सुरेश केशरवानी आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## नगर में भव्य रही श्रीराम की बारात उमड़ा आस्था का जन सैलाब

### राममय हुई धार्मिक नगरी

मैहर।

विवाह पंचमी के पावन अवसर पर नगर में श्रीराम बारात भव्य शोभायात्रा निकाली गई। श्री सीताराम बारात शोभायात्रा को लेकर पूरे नगर को दुल्हन की तरह सजाया गया था। जगह-जगह पर लोगों ने अपने घरों के बाहर रंगोलिया बनाई तथा दीपक जलाकर बारात का स्वागत किया। सम्पूर्ण शहर में लोग घंटों इंतजार में खड़े रहे की कब श्रीराम बारात शोभायात्रा उनके दरवाजे से गुजरेगी और वे लोग पुष्पवर्षा करेंगे। बारात बाजे-गाजे,हाथी,घोड़ो,पालकियों,तथा भव्य झांकियों के साथ स्थानीय बड़ा अखाड़ा प्रांगण से प्रारंभ हुई। बारात में रथ पर प्रभु श्री राम,लक्ष्मण,ऋषि गण,संत-महात्मा तथा कई देवी देवताओं की झांकी साथ चल रही थी। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो साक्षात भगवान सतरंगी छटा लिए रथ पर सवार हो। पूरा नगर जय श्री राम के नारों से गुंजायमान हो गया।श्रद्धालुओं का जन सैलाब बारात के साथ-साथ चल रहा था। बारात नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई वापस बड़ा अखाड़ा पहुँची जहाँ पारंपरिक रस्में तथा भगवान की पावपखरी का कार्यक्रम हुआ।



### जगह जगह हुआ भव्य स्वागत

श्री सीताराम जी की बारात का विभिन्न संगठनों तथा समितियां ने नगर में जगह-जगह भव्य स्वागत किया। कहीं खीर,कहीं हलवा-पूरी,तो कहीं चिप्स नमकीन के पैकेट,मिठाई एवं मिल्क शेक से स्वागत किया गया। हर कोई इस भव्य आयोजन रूपी हवन में अपनी आहुति प्रदान करना चाह रहा था। सेवा का यह भाव दुर्लभ था।

### मुस्तैद रहा पुलिस प्रशासन

प्रशासनिक तथा पुलिस अमला सुरक्षा के दृष्टिकोण से मुस्तैद रहा। मैहर पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल के निर्देशन में सीएसपी राजीव पाठक एवं थाना प्रभारी अनिमेष द्विवेदी, देवी जी चौकी प्रभारी संतोष उल्हाडी,अमदरा थाना प्रभारी टीकाराम कुर्मी ने दल बल के साथ कमान संभाली। भीड़ की अधिकता के कारण सभी गाड़ियों को निर्देशित करते हुए बारात को आगे बढ़ाने में सहयोग करते रहे।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर बड़ा अखाड़ा महंत श्री सीता वल्लभ शरण जू,मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी,नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती गीता संतोष सोनी,सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी,नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती शीतल नितिन ताम्रकार,व्यापारी संघ अध्यक्ष तथा शोभा यात्रा के संयोजक नितिन ताम्रकार,भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रिंस शर्मा,आदर्श चतुर्वेदी,विश्वनाथ चौरसिया गुड्डू,सतीश मिश्रा,जितेंद्र शुक्ला जीतू,पारसनाथ तिवारी,सूर्य प्रकाश चौरसिया,संजय गुप्ता,महेश दरियानी,आलोक अग्रवाल,उत्तम पटेल,बबला मिश्रा,महेश चौरसिया,दीपक अग्रवाल,सुमित जग्यशी सहित नगर के जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक तथा शासकीय सेवक भी मौजूद रहे।




## नव वर्ष के कैलेंडर का विमोचन सम्पन्न

### लोकतंत्र में संख्या बल को दिया जाता है महत्वः हरिओम

सतना।

वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश द्वारा नव वर्ष 2024 के कलेंडर का विमोचन कार्यक्रम रविवार को चाणक्यपुरी कॉलोनी में वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री एवं रीवा संभाग के प्रभारी हरिओम गुप्ता के मुख्य अतिथि में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम के संयोजक मौसम ताम्रकार थे। हरिओम ने कहा कि लोकतंत्र में संख्या बल को महत्व दिया जाता है,मुंडियो की गिनती होती है इसलिए सभी लोग अपनी एकता का परिचय देते हुए अपनी संख्या की ताकत दिखाये समाज के सभी घटकों के वैश्य बंधु परोपकार,समाज सेवा पीड़ति मानवता की सेवा कार्य करते हुए अपने लोगो की भी हर संभव मदद भी करे। उन्होंने बताया कि पूरे मध्य प्रदेश के सभी जिलों में 17 दिसंबर को नववर्ष के 12 पेज का कलरफुल कलेंडर का विमोचन कार्यक्रम किया गया है। यह कलेंडर बहुउपयोगी है। इस कैलेंडर में महत्वपूर्ण जानकारियों के साथ-साथ पूरे म.प्र. के मूल इकाई,महिला इकाई,युवा इकाई के जिला अध्यक्षो एंव सभी 428 तहसील अध्यक्षो के मोबाइल नम्बर हैं। अगर आपको किसी भी जिले या तहसील में काम पड़ता है या कोई जानकारी चाहिए तो संगठन के पदाधिकारियों को फोन लगाकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यह कैलेंडर सभी सदस्यों को निशुल्क वितरित किए जाएंगे। इस अवसर पर वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री हरिओम गुप्ता,जिला अध्यक्ष राजीव गुप्ता ,जिला प्रभारी लखन केसरवानी,महिला जिला अध्यक्ष मीरा अग्रवाल,महामंत्री सुरेश गुप्ता,कार्यक्रम के संयोजक मौसम ताम्रकार,युवा जिला प्रभारी अमित सोनी,जिला उपाध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल,विष्णु अग्रवाल ,सागर गुप्ता,दिनेश गुप्ता,यशपाल अग्रवाल,सुरेश जायसवाल,राजेंद्र गुप्ता,जितेंद्र साहू,प्रकाश गुप्ता,मनीष जायसवाल,सुरेश केसरवानी,अखिलेश केसरवानी,राजेंद्र गुप्ता,विजय गुप्ता,विष्णु गुप्ता सहित काफी संख्या में स्वजातीय बंधु उपस्थित थे।

## 7 करोड़ की धान बर्बाद, 4 पर एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रदेश सरकार द्वारा किसानों से खरीदी गई सात करोड़ की धान मौसम की मार से बर्बाद हो गई। ओपन कैप में रखी धान के बर्बाद होने की वजह उचित रखरखाव का न होना माना जा रहा है। धान बर्बाद हो जाने के बाद मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक कार्पोरेशन कटनी के जिला प्रबंधक योगेंद्र सिंह सेंगर की शिकायत पर बड़वारा पुलिस ने ओपन कैप संचालक कंपनी के चार अधिकारियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

## खबर संक्षेप

### बेटियां मौके पर ही अब मनचलों की करेंगी मरम्मत



**पन्ना-** फिटनिस ट्रेनिंग एकेडमी पन्ना मार्शल आर्ट क्लासेस मुख्यप्रशिक्षक सेंसाई इरफान खान ने बालिका छात्रावास रक्सेहा कि बालिकाओं को गुड टच,बेड टच एवं आत्मरक्षा से जुडी कई समस्याओं को उनके निदान सहित समझाते हुए कहा की। आज की नारी को अपनी सुरक्षा के लिए बचाव के तरीकों को जानना जरूरी है। ताकि मुष्किल वक्त आने पर आसानी से अपना और अपने परिवार का बचवा कर सके। नेताजी सुभाषचन्द्र बोस बालिका छात्रावास रक्सेहा में छात्राओं को बचाव के तरीकों का उपयोग करने डेमो भी दिया गया। नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय बालिका छात्रावास सक्सेहा वार्डन श्रीमति अमिता श्रीवास्तव ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि छात्राओं के लिए आत्मरक्षा का प्रषिक्षण जरूरी है यह विसम परिस्थितओं में आपकी मदत करेंगा। छात्राओं के साथ साथ महिलाओं के लिए विशेषकर ऐसे आत्मरक्षा के कार्यक्रम होना जरूरी साथ ही छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए जागरूक किया गया। सेल्फ डिफेंस सिखाने से आत्म विष्वास बढ़ा है। इरफान सर और हर्षिता विष्वकर्मा ने छात्राओं को आत्मरक्षा कि महत्वपूर्ण जानकारी दी बस छात्राएं इसका समय पर उपयोग करें। छात्राओं को रानीलक्ष्मी बाई आत्मरक्षा अभियान के तहत बालिका छात्रावास रक्सेहा कि छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए जा रहें। नेताजी सुभाषचन्द्र बोस बालिका छात्रावास रक्सेहा में छात्राओं को बताया गया है कि अगर आत्मरक्षा की तकनीक का वह प्रतिदिन अभ्यास करें और दिल में हौसला रखें तो वह स्वयं खुद की रक्षा कर सकती हैं। छात्राओं को फिर किसी के ऊपर आत्मनिर्भर रहने की जरूरत नहीं है। यह बातें आत्मरक्षा के गुर सिखाते हुए कराते के ब्लैक बेल्ट धारी मुख्यप्रशिक्षक सेंसाई इरफान खान ने छात्राओं से कहीं। महिला प्रशिक्षक सेंसाई हर्षिता विष्वकर्मा ने पर्स, चेन, मोबाइल आदि छीनने से लेकर आपातकालीन स्थिति में खुद को सुरक्षित करने की तकनीक छात्राओं को सिखाई वार्डन श्रीमति अमिता श्रीवास्तव, सहायक वार्डन श्रीमति सरिता साहू, प्रशिक्षक इरफान खान, महिला प्रशिक्षक हर्षिता विश्वकर्मा एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

### मांस-मछली विक्रय खुले में प्रतिबंधित, डीजे को तेज ध्वनि में बजाया तो होगी कार्यवाही



**पन्ना।** मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार नगर नगरीय क्षेत्र में खुले में मांस मछली विक्रय करने हेतु प्रतिबंधित किया गया है। जिसमें स्पष्ट रूप से आदेश का परिपालन करने हेतु मांस मछली वितरण करने वाली व्यवसाईयों को समझाएं देते हुए यह चेतावनी दी गई कि आप नगर परिषद गुनौर में अपना आवेदन पत्र प्रस्तुत करते हुए उक्त व्यवसाय के संचालन हेतु अनुमति प्राप्त कर लें तो वहीं एसडीएम गुनौर ने व्यवसाईयों को यह समझाया यह कोई नया नियम नहीं है बहुत पहले से माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार पालन करने हेतु हम आप सभी बाध्य हैं बस इसका पालन करने हेतु उचित दिशा निर्देश या हम युग हैं कि इसका कड़ाई से पालन करने हेतु राज्य सरकार ने निर्देश जारी किए हुए हैं नगर परिषद गुनौर में आप लोग अपना आवेदन पत्र प्रस्तुत करते हैं तो आपको अनुमति एवं मुक्ति व्यवसाय के लिए अलग से व्यवस्थित व्यवस्था कराई जाएगी। तो वहीं पर ध्वनि विस्तारक यंत्र को 55 डेसीबल गति से बजाने हेतु आदेश हैं जिसके भी निर्देश दिए गए। समस्त धर्म गुरूओं को निर्धारित ध्वनि विस्तारक यंत्रों में बजाने हेतु समझाइश दी गई और यह उचित भी है क्योंकि हम ज्यादा की व्यक्ति से जब धनी विस्तारक यंत्र बजाते हैं तो कई प्रकार की बीमार मरीज,छात्रों को काफी परेशानी होती है। इसलिए आप लोग चुंगा, लाउडस्पीकर जिनको आप बज रहे हैं उनको चौक कर लेवें, फिर बजावें डीजे लाउडस्पीकर। दिन और रात में निर्धारित पैमाने पर बजावें।

## ऑनलाइन फ्रॉड करने वाले

# 4 अंतर्राज्यीय ठगों को किया गया गिरफ्तार

**उक्त आरोपी लॉटरी जीतने का झांसा देकर एवं पुलिस अधिकारी बनकर करते थे धोखाधड़ी**

जिले के थाना शाहनगर में दिनांक 21/09/2023 को फरियादी शुभम सिंह तोमर पिता नरेंद्र सिंह तोमर निवासी शाहनगर द्वारा थाना शाहनगर में रिपोर्ट की गई की अज्ञात व्यक्तियों द्वारा धोखाधडी से मेरी गुमशुदा बहिन को ढूंढने के नाम पर पुलिस अधिकारी बनकर मुझसे अपने खाते में रुपये डलवा लिए हैं तथा 20 हजार रुपये की और मांग कर रहे हैं ।



**पन्ना।**

फरियादी की रिपोर्ट पर थाना शाहनगर में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 221/23 धारा 419 ,420 भादवि 66 क आईटी एक्ट का कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी शाहनगर उनि घनश्याम मिश्रा द्वारा मामले की जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई। पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्णा एस. थोटा द्वारा मामले को गंभीरता से लिया गया। मामले में अज्ञात आरोपियों की तलाश पतारसी हेतु पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह एवं अनुविभागीय अधिकारी पवई सौरभ रत्नाकर के मार्गदर्शन ,थाना प्रभारी सिमरिया निरीक्षक अनीता कुड़ापे एवं थाना प्रभारी शाहनगर उनि घनश्याम मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम की सहायतार्थ आरोपियों की गिरफ्तारी एवं पतारसी हेतु पुलिस साइबर सेल टीम को कार्य करने हेतु पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा आदेशित किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा अपने मुखविर तंत्र को सक्रिय किया गया साथ हि पुलिस साइबर सेल टीम पन्ना से जानकारी एकत्रित की गई, पुलिस साइबर सेल टीम पन्ना से मिली जानकारी एवं मुखविर सूचना के आधार पर मामले में चार व्यक्तियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर पूछताछ की गई जिनके द्वारा घटना दिनांक को फरियादी से धोखाधड़ी की वारदात को अंजाम दिया जाना स्वीकार किया गया। पुलिस टीम द्वारा कड़ाई से पूछताछ किए जाने पर उपरोक्त व्यक्तियों द्वारा बताया गया कि हम सभी लोगों ने मिलकर मोबाईल एप के माध्यम से गुमशुदा व्यक्तियों की जानकारी देखकर गुमशुदा के परिजनो के मोबाइल नंबर पर फोन करके पुलिस अधिकारी बनकर गुमशुदा व्यक्ति को ढूंढने के नाम पर पैसे अपने खाते में डलवा लिए थे। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल एवं आरोपियों द्वारा उपयोग किया जा रहे मोबाइलों को जप्त किया एवं चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय पेश किया गया है। आरोपियो द्वारा म.प्र के कई जिलो सहित अन्य प्रांतो मे धोखाधड़ी की घटनाये की गई है जिनके सम्बंध मे पुलिस द्वारा रिमांड लेकर पूछताछ की जा रही है जिससे कई घटनाओ का खुलासा किये जाने की संभवाना है।

### तारीका-ए-वारदात

उक्त आरोपी पुलिस एप के माध्यम से फरियादी का मोबाइल नंबर प्राप्त करते थे एवं गुमशुदा के परिजनो को कॉल कर अपने आप को पुलिस अधिकारी बताकर गुमशुदा को ढूढ़ने के नाम पर पैसे पोनपे,गूगलपे के माध्यम से अपने खातो मे डलवा लेते थे। आरोपी द्वारा पल्सर गाड़ी लॉटरी ड्रा मे जीतने के नाम पर एवं दोस्त/रिश्तेदार बनकर भी धोखाधड़ी की जाती थी।

### जप्त सामग्री

आरोपियों के कब्जे से फ्रॉड की गई राशि 1 हजार रुपये एवं 04 मोबाईल कीमती करीब 50 हजार रुपये के किया गया जप्त।

**नाम पता आरोपी** -1. नीलेश यादव पिता सोनपाल यादव उम्र 21 साल निवासी कांडोर थाना कटेरा जिला झांसी उ.प्र.

2. श्यामू यादव पिता रामभगत यादव उम्र 23 साल निवासी कुरियान थाना कटेरा जिला झांसी उ.प्र.

3. उमाशंकर यादव पिता रामपाल यादव उम्र 20 साल निवासी कांडोर थाना कटेरा जिला झांसी उ.प्र.

4. सत्यम उर्फ शिवम पिता रामनरेश यादव उम्र 20 साल निवासी कांडोर थाना कटेरा जिला झांसी उ.प्र.

### सराहनीय योगदान

थाना प्रभारी सिमरिया निरीक्षक अनीता कुड़ापे,थाना प्रभारी शाहनगर उनि घनश्याम मिश्रा, उनि सुशील शुक्ला,उनि मेघा मिश्रा , उनि संतोष मरकाम, सउनि चन्द्रशेखर पाण्डेय,भैयामन सिंह,प्र.आर. राजकुमार शुक्ला,ईदुल बख्श ,जयपाल सिंह,आर. ब्रजेन्द्र पायक,नीतेश असाटी, दिनेश यादव, विनिमेश,रविन्द्र ,ब्रजभान,उदयभान, सायबर सेल प्रभारी उनि अनिल सिंह राजपूत एवं सायबर सेल टीम का सराहनीय योगदान। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उक्त पुलिस टीम को नगद इनाम से पुरुस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है।

## भाजपा के तीनों विधायकों को जनता ने सौंपी विकास के लिए जिम्मेदारी, अब कौन कितना







**पन्ना।** जिले की तीनों विधानसभाओ में सत्तारूढ़ दल भाजपा के विधायक चुने गये है। जनता ने जिस तरह से विश्वास जताया है सबका साथ सबका विकास की उम्मीदों में तीनों विधायकों की महती जिम्मेदारी मानी जा रही है। पन्ना विधानसभा की बात करें तो पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह की सोच तो विकासशील मानी जाती है। जिन्हें पिछली बार के कार्यकाल का कम समय मिलने की बात बार-बार सामने आ रही थी। अबकी बार आरंभ से ही भाजपा सरकार साथ ही प्रत्येक गांव से लेकर जिला मुख्यालय तक स्वयं बाखूबी समझ भी मिल चुकी कहां क्या विकास की जरूरत है। वहीं इनसे आम जनता को बड़ी उम्मीदें है। साथ ही पवई विधानसभा की बात करें तो प्रहलाद लोधी जमीनी पकड़ के नेता माने जाते है। जिनसे आम आदमी किसी भी समय कहीं भी मिलकर अपनी बात रखने में गुरेज नहीं करता। मध्यप्रदेश में पवई विधानसभा सायद दूसरे नम्बर की बड़ी विधानसभा क्षेत्र के अनुसार मानी जाती है। यहां विकास को लेकर अभी भी भारी मस्कत करने की जरूरत है। देखना यह है कि जहां आम जनता ने प्रहलाद लोधी पर भरोसा जताया है अब विकास को लेकर कितने खरे उतरते है। साथ ही गुनौर विधानसभा में जहां पिलछी बार कांग्रेस के विधायक शिवदयाल बागरी से यह सीट अब डॉ. राजेश वर्मा के नाम विधायक के कार्यकाल को लेकर समूचे 5 वर्ष के लिए आम जतना ने चुनने का कार्य किया है। गुनौर विधानसभा को अपने विधायक से जल जंगल जमीन की तरह विकास की उम्मीदें बनी हुई है। वहीं तेज तर्रार कार्यप्रणाली को लेकर डॉ. राजेश वर्मा जाने जाते है। देखना यह है कि यह कार्यकाल आपका कितना कारगर साबित होगा। क्योंकि इनके राजनैतिक कैरियर को जनता ने बाखूबी बचाया है। क्योंकि गुनौर विधानसभा में दूसरी पारी विधायक के नाम सायद है। किसी को तरजीह दी गई हो जहां एक बार जनता ने इन्हें इनकी गलतियां कहें या कांग्रेस पर भरोसा माना अबकी बार तो डॉ. राजेश वर्मा को ही अपने जनमत से विधायक की जिम्मेदारी तय की है। अब इनकी बारी है कि गुनौर विधानसभा को विकास की दिशा को लेकर कितने आगे ले जाने का कार्य किया जायेगा। मामला जिले की तीनों विधानसभाओं में सत्ता पक्ष के विधायकों के ऊपर भी जिम्मेदारी के रूप में आम जनता ने इन्हें अपना भविष्य पांच साल के लिए सौंपा है। अब देखना यह है कि तीनों विधायक जिले की तीनों विधानसभाओं में विकास के नारे को कितना स्थापित कर पाते है। जिससे सबका साथ सबका विकास जमीनी स्तर पर जाना जायेगा।

### मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना का लें लाभ

**पन्ना।** मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना अंतर्गत स्वरोजगार स्थापना के इच्छुक 18 से 45 वर्ष आयु के बेरोजगार युवक-युवतियों को स्वयं का स्वरोजगार स्थापित करने के लिए ऋण उपलब्ध कराया जाता है। रिटेल ट्रेड व सेवा क्षेत्र की परियोजनाओं के लिए 50 हजार रूपए से 25 लाख रूपए तक तथा विनिर्माण श्रेणी की इकाई स्थापना के लिए 50 हजार रूपए से 50 लाख रूपए तक का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। योजना के तहत तीन प्रतिशत प्रतिवर्ष ब्याज अनुदान भी सात वर्ष तक तथा प्रचलित दर से गारंटी शुल्क भी शासन द्वारा देय है। महाप्रबंधक उद्योग राहुल दुबे ने बताया कि स्वयं का व्यापार, व्यवसाय, उद्योग, सेवा क्षेत्र की इकाई शुरू करने के इच्छुक बेरोजगार युवा योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए पैन कार्ड, आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, न्यूनतम कक्षा 8वीं उत्तीर्ण की अंकसूची, कोटेशन, जाति प्रमाण पत्र, परियोजना प्रतिवेदन, आय प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र जरूरी है। ऋण के लिए आवेदन प्रक्रिया और योजना संबंधी विस्तृत जानकारी के लिए जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र पन्ना में उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है। व्यापार-व्यवसाय की परियोजनाओं में किराना, जनरल स्टोर, मोबाइल शॉप, अपेरल शॉप, फुटवेयर शॉप, इलेक्ट्रॉनिक, बुटिक, दुग्ध व्यवसाय, खाद्य पदार्थ विक्रय, अनाज विक्रय, सब्जी व्यवसाय शामिल है।

## सहभागी सीख और कार्यवाही (पी.एल.ए.) के अनुभवों एवं योजना पर दस्तक

# महिला समूह सदस्यों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण





### सामुदायिक निगरानी पर दस्तक महिला समूह सदस्यों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण

**पन्ना।**

पन्ना दस्तक परियोजना विकास संवाद पन्ना के द्वारा सहभागिता से सीखना एवं मिलकर कार्यवाही करना पी.एल.ए.अनुभव शेयरिंग एवं प्लानिंग एक दिवसीय प्रशिक्षण संकल्प गार्डन पन्ना में किया गया। इस कार्यक्रम में दस्तकपरियोजना कार्य क्षेत्रके 25 ग्रामोसे 50दस्तक महिला साथीशामिलहुईद्य यह प्रशिक्षण स्कूल, राशन दुकान, पंचायत (मनरेगा), आंगनवाड़ी, मातृत्व वंदना योजना के बेहतर सञ्चालन में सामुदायिक भागीदारी बढ़ने एवं सामुदायिक निगरानी व्यवस्था को मजबूत करने हेतु किया गया। प्रशिक्षण के प्रारंभ में दस्तक परियोजना पन्ना के जिला समन्वयक रविकान्त पाठक के द्वारा कार्यशाला काउद्देश्य बताते हुए एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया गया और प्रशिक्षण के विषय पर सहभागियों को जानकारी दी गई द्य इसके साथ ही बताया गया कि सामुदायिक निगरानी, पी.एल.ए. गतिविधि एवं समूह संगठन को मजबूत करना एवं जिम्मेदारियों के बारे में अपने अनुभव रखेगे और खुलकर बिषयो पर संवाद करने हेतु प्रेरित किया गया। स्कूल में मिलने वाला मध्यान्ह भोजन के तहत उपलब्ध सुविधाओ एवं सेवाओ (रसोई, ईधन एवं स्वच्छता की स्थिति खाद्य भण्डारण की व्यवस्था स्टाक एवं वितरण रजिस्टर की स्थिति ,स्कूलके पानी की व्यवस्था लडको एवं लडकियों हेतु सोचालय अलग अलग , शाला प्रबंधन समिति एवं सतर्कता समिति की भूमिका , मध्यान्ह भोजन मेनू के अनुसार वितरण मध्यान्ह भोजन वितरण से पहले बच्चो के हाँथ धुलाना, भोजन वितरण में भेद भाव की स्थिति इस तरीके से आंगनबाड़ी, राशन दूकान से मिलने वाले राशन की गुडवत्ता लोगो को पीने योग्य पानी और बैठक विवस्था, पंचायत में मरेगा के काम की निगरानी करना दस्तक महिलाओ से सामुदायिक निगरानी पर संवाद किया गया। बरिष्ट समाजसेवी रामअवतार तिवारी द्वारा राष्ट्रिय खाद्य सुरक्षा कानून 2013 में सम्मलित मध्यान्ह भोजन, आंगनबाड़ी की सेवाए , प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना एवं सार्वजानिक वितरण प्रणाली योजनाओं के संदर्भ में तैयार किए गए सामुदायिक निगरानी प्रपत्र पर जानकारी डी गई। इसके साथ ही इन चारो योजनाओ की बर्ष में कि जाने वाली चार सामुदायिक निगरानी एवं योजनावार निगरानी से जुड़े बिन्दुओ पर विस्तार पूर्वक चर्चा कि गई। रामविशाल सामुदायिक कार्यकर्ता द्वारा दस्तक परियोजना क्षेत्र में सम्मलित 25 ग्रामो में संचालित प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों, आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं राशन दुकानों से पात्र हितग्राहियों को समय पर योजनाओ का लाभ मिलना सुनिश्चित हो सके इस हेतुसमूह के सदस्यों को योजनाओ के सञ्चालन में अवश्यक सहयोग देने एवं उनकी निगरानी हेतु ग्राम स्तर की कार्ययोजना तैयार की गई। इसका र्यशाला में मुख्य रूप से छत्रसाल, रामविशाल, समीर, वैशाली, बबली, कमलाकान्त, महेंद्र पटेल और नंदनी कि महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# ग्राम पंचायतों में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

## जनकल्याणकारी योजनाओं का किया प्रचार, वितरित किए हितलाभ







**पन्ना।**

पन्ना जिले के सभी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायतों में रविवार से विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू हुई। विकासखण्डवार प्रचार वैन द्वारा निर्धारित रूट अनुसार विभिन्न ग्राम पंचायतों में पहुंचकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किया गया। ग्राम पंचायतों में यात्रा के आगमन पर ग्रामीणों ने उत्साह के साथ स्वागत किया। ग्राम पंचायत भवन में कार्यक्रम के माध्यम से जनप्रतिनिधियों और अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा ग्रामीणजनों को महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। स्टॉल के माध्यम से लोगों के आवेदन पत्र प्राप्त किए गए। मौके पर लाभ प्राप्त करने वाले हितग्राहियों ने स्वयं योजना के फायदे बताए और अन्य लोगों से भी बढ़-चढ़कर लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया। विभिन्न योजनाओं की हितग्राहीमूलक योजनाओं के हितलाभ कार्यक्रम में प्रदान किए गए। आयुष्मान कार्ड और आधार अपडेशन कैंप के माध्यम से नागरिकों ने आयुष्मान कार्ड बनवाने और आधार में बायोमैट्रिक जानकारी अपडेट कराने के आवेदन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में उपस्थितजनों को विकसित भारत के निर्माण में सहभागी बनने की शपथ भी दिलाई गई। शिविरों में महिलाओं और बुजुर्गों ने भी बढ़-चढ़कर सहभागिता की। इस दौरान योजनाओं के लाभ प्रदान करने के अलावा जनहितैषी योजनाओं व विकास कार्यों से संबंधित समस्याओं व शिकायतों का निराकरण भी किया गया। प्रचार वाहन में एलईडी स्क्रीन के जरिए ग्रामीणजनों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। नागरिकों ने प्रचार वाहन के साथ सेल्फी स्टैण्ड में सेल्फी और फोटो भी खिंचवाई।

### आज यहां पहुंचेगी यात्रा

विकसित भारत संकल्प यात्रा सोमवार, 18 दिसम्बर को पन्ना जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत जमुनहाई, रहुनिया, सिरस्वाहा, अजयगढ़ जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत भसूड़ा और सिंहपुर, गुनौर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत जसवंतपुरा एवं जैतूपुरा, पवई जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत पटोरी एवं हथकुरी तथा शाहनगर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत महाराजगंज एवं रैयासांटा पहुंचेगी। अभियान अंतर्गत नागरिक शिविर के माध्यम से आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना ग्रामीण, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल से जल, स्वामित्व योजना, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नैनो उर्वरक का उपयोग, स्वाइल हेल्थ कार्ड और उन्नत कृषि यंत्र योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। यात्रा के क्रियान्वयन के लिए अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित कर दायित्व सौंपा गया है।



## थाना गुनौर परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न

**गुनौर/** धीमी गति से ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग करना होगा और मीट मांस की दुकान बगैर लाइसेंस संचालित नहीं की जाएंगी।नवागत मध्य प्रदेश के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव द्वारा आदेशित किया गया है कि खुले मैदान में मीट और मांस कीदुकाने तथा धार्मिक स्थलों पर ध्वनि विस्तारक यंत्रों को दिए गए आदेशों के बाद सक्रिय हुए प्रशासन और पुलिस ने क्षेत्र के लोगों की शांति समिति की बैठक को लेकर इस बात दिशा निर्देश जारी करने शुरू कर दिए हैं। जिसके चलते चेतावनी दी गई है कि धीमी आवाज में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग करना होगा और मीट मांस की दुकान बगैर लाइसेंस संचालित नहीं की जाएंगी।रविवार को गुनौर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित एस डी एम राहुल सिलाडिया ने ध्वनि प्रदूषण को लेकर जारी हुए शासन के निर्देश के बारें में जानकारी दी बताया कि शासन के आदेशानुसार किसी भी प्रकार के धार्मिक स्थल अथवा अन्य स्थानों पर निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप ही ध्वनि विस्तार यंत्रों (लाउड स्पीकर/डीजे) आदि का उपयोग किया जा सकेगा। ऐसे में यदि किसी भी स्थान पर निर्धारित मापदण्ड के विपरीत लाउड स्पीकर का उपयोग किया जाता है, तो कार्यवाही की जाएगी।उन्होंने बताया कि नगर परिषद गुनौर की अनुमति के बिना मांस या मछली के विक्रेता इनका किसी भी दशा में विक्रय नहीं कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि नगर परिषद गुनौर क्षेत्र के समस्त मांस या मछली विक्रेता नगर परिषद व खाद्य विभाग से लायसेंस लेकर ही दुकान संचालित कर सकेंगे। लायसेंसधारी दुकानदार अपनी दुकानों में पर्याप्त साफ-सफाई व कचरे का समुचित निष्पादन सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने हिदायत देते हुए कहा कि मांस विक्रय खुले में ना हो तथा दुकानों के सामने अपारदर्शित कचरा ना'लगाऐंगे। किसी भी धार्मिक स्थल के मुख्य द्वार के सामने 100 मीटर की दूरी के भीतर मांस एवं मछली का विक्रय नहीं करेंगे। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसे व्यक्ति जो उक्त निर्देशों का उल्लंघन करते हुए मांस या मछली का विक्रय कर रहे हैं, उनके विरूद्ध कानूनी एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जाएगी। एस डी एम गुनौर ने कहा कि नशे के कारोबार मे संलिप्त लोगो किसी भी तरह से बक्सा नहीं जाएगा। थाना परिसर में आहूत की गई इस बैठक के दौरान थाना प्रभारी सुशील कुमार एस डी एम राहुल सिलाडिया एवं नगर परिषद गुनौर अध्यक्ष के प्रतिनिधि मलखान सिंह तथा नगर गुनौर के गणमान्य नागरिक सहित, पत्रकार उपस्थित रहे1

# पचमढ़ी के बाद प्रदेश में नौगांव दूसरा सबसे ठंडा शहर हुआ दर्ज



नौगांव।

जम्मू कश्मीर सहित उत्तर के पहाड़ी इलाकों में लगातार हो रही बर्फबारी से मैदानी इलाकों में ठंड ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है, जिसके चलते शनिवार की रात का तापमान प्रदेश में पचमढ़ी के बाद नौगांव शहर सबसे ठंडा दर्ज हुआ। शनिवार की रात जहां पचमढ़ी का पारा 7.2 डिग्री रहा तो वहीं इसके बाद नौगांव का तापमान 8.5 डिग्री दर्ज हु। उत्तर की ओर से आ रही ठंडी हवाओं के कारण अब रात के बाद लोग लोगों को दिन में भी सर्दी कपकपा रही है। सर्दी से बचने के लिए लोग धूप का सहारा ले रहे हैं।

उत्तर भारत में हो रही लगातार बर्फ़बारी के कारण पिछले एक सप्ताह से लगातर ठण्ड बड़ रही है। ठण्ड बढने से लोगों की दिनचर्या बदल गई है।बर्फबारी के कारण पारा लगातार लुढ़क रहा है। मौसम विभाग में केसी रायकवार ने बताया कि वेस्टर्न डिस्ट्रबेंस के चलते जम्मू कश्मीर सहित पहाड़ी इलाकों में एक्टिविटी शुरू हो गई है। जिसके चलते पहाड़ी इलाकों में लगातार बर्फबारी हो रही है, जिससे नौगांव शहर सहित मैदानी इलाकों में कड़ाके की ठंड का दौर शुरू होने वाला है। वेस्टर्न डिस्ट्रबेंस के चलते बारिश होने का भी अनुमान है हालांकि बादल काफी ऊपर होने के कारण प्रदेश में इसका असर कम रहेगा, कुछ जगह पर जरूर बादल छाए रह सकते हैं। 22 दिसंबर से फिर एक सिस्टम के एक्टिव होने पर स्ट्रॉन्ग होने से बारिश होने का भी अनुमान है।

बर्फ़बारी के कारण पिछले तीन दिनों में मौसम ने अचानक से करवट बदल ली है। एक सप्ताह से चल रही शीत लहर के कारण मौसम में ठंडक आ गई है । चल रही उत्तर पूर्वी हवाओं के कारण पारा पिछले 5 दिनों से पारा लगातार गिर रहा है। शनिवार रविवार की रात पारा गिरकर 8.5 डिग्री तक पहुंच गया जबकि शुक्रवार शनिवार की रात का पारा 9 डिग्री दर्ज हुआ था। बर्फीली हवाओं के कारण दिन में भी गलावट और हाड़ कपाने वाली ठण्ड का एहसास होने लगा है, हालांकि सुबह से ही सूरज निकलने के चलते दिन भर लोग धूप का आनन्द लेते रहे।रविवार दिन का तापमान 25 डिग्री तो वहीं एक दिन पहले शनिवार को दिन का तापमान 26.2 डिग्री दर्ज हुआ था। सर्द हवाएं चलने से मौसम और ठंडा हो गया है, जिस कारण लोगों की दिनचर्या बदल गई।ठण्ड के कारण लोग ठिठुरने को मजबूर हैं, लेकिन दिन में सूरज निकलने से लोगों को ठंड से राहत जरूर मिल रही है। मौसम विभाग के के सी रैकवार ने बताया पिछले दो तीन दिनों से चल रही सर्द हवाओं के कारण तामपान लगातार गिर रहा है, शनिवार रविवार की रात सीजन की अब तक की सबसे सर्द रात दर्ज की गई, साथ ही आने वाले दिनों में पारा और नीचे गिरने की संभावना है।

### मौसम विभाग ने कहा कि अगले 1 सप्ताह तक तापमान और गिरने की बात

मौसम विभाग ने अगले एक सप्ताह तक तापमान और गिरने की बात की है। उत्तर भारत में भारी बर्फवारी और मैदानों की ओर चलने वाली बर्फीली हवाओं के कारण अभी बुंदेलखंड अंचल में पारा और नीचे गिर सकता है। आगामी दिनों में पारा और गिरेगा जिससे लोगों को हाड़ कपाने वाली ठण्ड से जूझना पड़ेगा। कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ हेमन्त सिंहा के अनुसार पहाड़ों पर तीन हजार मीटर की ऊंचाई पर बर्फबारी हो रही है इसके अलावा राजस्थान से भी ठंडी हवाएं आ रही है। इसकी वजह से वातावरण में ठिठुरन और गलन बढ़ रही है। आने वाले दिनों में घना कोहरा या घना बादल रहेगा इस वजह से दिन के तापमान में गिरावट के साथ गलन बढ़ने की आशंका है। आने वाले दिनों में शीतलहर के लिए तैयार रहना होगा। अब तापमान में उतार-चढ़ाव थमने जा रहा है, तीन चार दिनों तक घने कोहरे के आसार हैं 1 दिन और रात के तापमान में अंतर कम हो जाएगा इससे दिन में भी अधिक ठंड महसूस होगी आने वाले दिनों में ठंड में बढ़ोतरी होगी 5 डिग्री सेल्सियस के आसपास न्यूनतम तापमान रहेगा घना कोहरा और हल्की धूप रहेगी।

## खबर संक्षेप

### पेड़ से टकराई बाईक, युवक की मौत

छतरपुर। जिले के बमीठा थाना क्षेत्र अंतर्गत देवगांव-झमटुली मार्ग पर बीती रात एक युवक की बाईक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पेड़ से टकरा गई, जिसके चलते बाईक चला रहे युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। रविवार को राजनगर अस्पताल में मृतक के शव का पोस्टमार्टम किए जाने के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक का नाम गोविंद पुत्र चित्रकोटी पटेल उम्र 28 वर्ष बताया गया है जो कि देवगांव से झमटुली जाने के लिए घर से निकला था। देवगांव-झमटुली मार्ग पर अज्ञात कारणों से हुई सड़क दुर्घटना में उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची डायल-100 के स्टाफ ने गोविंद के शव को राजनगर पहुंचाया, जहां रविवार को शव का पीएम हुआ। वहीं बमीठा पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।

### असरानी ने किया टपरा टॉकीज का शुभारंभ



खजुराहो। पर्यटन नगरी खजुराहो में शुरू हुए अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टीवल के दूसरे दिन जाने-माने अभिनेता असरानी के द्वारा पाहिल वाटिका में बनाई गई टपरा टॉकीज का शुभारंभ किया गया। उन्होंने लाल रिबिन काटते हुए इस टॉकीज का शुभारंभ किया और आयोजन को अपनी शुभकामनाएं दीं।

### राजा बुन्देला का गाली-गलौच वाला वीडियो वायरल



छतरपुर। शुभारंभ के पहले ही दिन खजुराहो फिल्म फेस्टीवल विवादों में घिर गया। इस फिल्म महोत्सव के संयोजक राजा बुन्देला का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें वे हाथ में माईक लेकर अपनी ही यूनिट से जुड़े कुछ लोगों को गाली-गलौज करते हुए डांट रहे हैं। दरअसल फेस्टीवल में आए कुछ लोगों के द्वारा आयोजन में कुछ व्यवधान पैदा किया गया था इसी बात से नाराज होकर राजा बुन्देला ने हाथ में माईक लेकर उन्हें डांटना शुरू कर दिया। वे भूल गए कि कोई उन्हें फिल्मा रहा है। इस वीडियो में वे व्यवधान पैदा करने वालों को गालियां देते नजर आए।

### श्री कृष्णा विश्वविद्यालय के स्वयं सेवकों का चयन



छतरपुर। भारत सरकार युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय राष्ट्रीय सेवा योजना, क्षेत्रीय निदेशालय द्वारा संचालित राष्ट्रीय एकता शिविर दिनांक 16 से 22 दिसम्बर 23 तक नूतन ग्राम विद्यापीठ,थवा, तालूका नेत्राग जिला भरूच (गुजरात) में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें श्री कृष्णा विश्वविद्यालय छतरपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ महेश चंद्र अहिरवार के निर्देशन में स्वयं सेवक आशीष कुमार मिश्रा, बसंत अहिरवार, कुमारी संजना भास्कर एवं कुमारी संस्कृति चौरसिया ने पांच जिलों में से अपना स्थान इस एकता शिविर में प्राप्त किया है। तथा दल नायक के रूप डॉ बसीम खान इन चारों स्वयं सेवकों के साथ गये। इनके स्वागत के लिए श्री कृष्णा विश्वविद्यालय छतरपुर के उपकुलपति गिरीश त्रिपाठी, उपकुलसचिव मेघना मिश्रा, महाराजा छत्रसाल विश्वविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी भारती राजपूत एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ महेश चंद्र अहिरवार ने बड़े धूमधाम से एवं पुष्प मालाऐ पहना कर महाराजा छत्रसाल रेलवे स्टेशन छतरपुर से गुजरात के लिए विदा किया गया। इस अवसर पर श्री कृष्णा विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ बृजेंद्र सिंह गौतम एवं चेयरमैन डॉ पुष्पेंद्र सिंह गौतम , कुलपति डॉ अनिल कुमार धगट, उपकुलपति गिरीश त्रिपाठी, कुलसचिव विजय सिंह, सहित डॉ बी एस राजपूत ने स्वयंसेवकों के इस कार्य की शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना की।



## विभिन्न शासकीय योजनाओं के माध्यम से हितग्राहियों को किया गया लाभान्वित

उमरिया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से ग्राम पंचायत पथरहठा में आयोजित विभिन्न शासकीय योजनाओ के हितलाभ का वितरण हितग्राहियों को वितरित किये गए, जिसमे मौके पर बुधिया बाई, ददोली यादव, नारायण गिरी का मौके पर बीपीएल में नाम जोड़ा गया। इसी तरह आरती सिंह, कनछेदी लाल, अनिल कुमार एवं महेश प्रताप को नामांतरण फौती का लाभ, मंधर कोल, लक्ष्मी साहू, ललित को पेंशन योजना का लाभ मौके पर वितरित किया गया। प्राची केवट, समृद्धि केवट को लाडली लक्ष्मी योजना का लाभ, करण त्रिपाठी, सुधीर त्रिपाठी, प्रीतम बैगा, धर्मेंद्र बैगा को आयुष्मान कार्ड का लाभ वितरित किया गया। जगभान सिंह को पीएम किसान सम्मान निधि योजना, पाण्डु सिंह को विकलांग पेंशन, भंगिया कोल को पी एम आवास योजना अक्तू कोल को पी एम आवास योजना का लाभ, संतान सिंह, राम जियावन, बहादुर कोल, मिताली लाल को सरसों हायब्रिड मिनी किट का वितरण किया गया।

## विवाह पंचमी पर स्वामी विवेकानंद सोसायटी ने कराय सामूहिक कन्या विवाह

# सम्मेलन में 23 जोड़ों के समूह विवाह संपन्न कराए





छतरपुर।

जिले के राजनगर विकासखंड अंतर्गत आने वाले उदयपुर आश्रम पर विवाह पंचमी पर एक सामूहिक कन्या विवाह का आयोजन कराया गया। इसका आयोजन स्वामी विवेकानंद सोशल वेलफेयर एजुकेशनल सोसाइटी के तथावधान में किया गया। सम्मेलन में 23 जोड़ों के समूह विवाह संपन्न कराए गए। पूरी रीती रिवाज के अनुसार वर वधु को मंगलसूत्र बेड पायल साड़ी इत्यादि भेंट किए गए। उनके साथ आए हुए बारातियों को भोजन कराया गया। कार्यक्रम के आयोजन समिति के अध्यक्ष हरगोविंद पांडे ने बताया कि उनकी समिति के द्वारा यह सातवां आयोजन है। प्रतिवर्ष 11 से 15 विवाह करते थे इस बार यह संख्या 23 हो गई है। अभी तक समिति द्वारा 100 से अधिक जोड़ों के विवाह संपन्न कर दिए गए हैं। सभी प्रकार से यह कार्यक्रम निशुल्क रखा गया था। जिसे सरकारी मापदंडों के अनुकूल एवं गरीब परिवारों के बच्चियों का चयन किया गया, और उन्हें यथोचित उपहार समाधि भेंट की गई। कार्यक्रम में समिति के सदस्य रामनिवास झूमर, संतोष पाटीदार, जगदीश शर्मा, आरके यादव, मोहनलाल तमर, विक्रम चतुर्वेदी, डॉक्टर महेंद्र तिवारी, अलखराम द्विवेदी, प्रकाश पांडे, वेद प्रकाश पाठक, सुनील पांडे, सीताराम पांडे, तिवारी लखन तिवारी और अंकित इत्यादि मौजूद रहे।

# 3 साल में गेम शुरू की, 4 की उम्र में पहला गोल्ड, 6 की उम्र में तीसरी बार नेशनल चैम्पियन

नौगांव।

नौगांव शहर के रहने वाले आशीष द्विवेदी के 6 वर्षीय बेटे ने पिछले दिनों चंडीगढ़ में आयोजित नेशनल स्केटिंग प्रतियोगिता में भाग लेते हुए बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीता। गौरव द्विवेदी ने इस तरह की प्रतियोगिता में पहली बार गोल्ड नहीं जीता है बल्कि है वह 4 वर्ष की उम्र से राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेकर लगातार तीसरी बार गोल्ड जीता है।

### नौगांव के वार्ड नम्बर 01 में जन्मे गौरव द्विवेदी

गुजरता के बड़ोदरा शहर के आनंद विद्या विहार स्कूल में वर्ग 1 पढ़ाई करने के साथ स्केटिंग में महारथ रखते हैं। गौरव ने 59वीं राष्ट्रीय रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप 202 में स्वर्ण पदक। 60वीं राष्ट्रीय रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप 2022 में स्वर्ण पदक। पुणे में ओपन नेशनल स्केटबोर्डिंग चैम्पियनशिप 2023 में 2 स्वर्ण पदक प्राप्त किया। 61वीं राष्ट्रीय रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप 2023 में पार्क और स्ट्रीट डिसिप्लिन में अलग-अलग 2 स्वर्ण पदक जीते।



### कोरोना काल से की खेल की शुरुआत

गौरव के पिता साइनटिस्ट हैं वे बताते हैं कि कोरोना में टीवी-मोबाइल से दूर रखने के लिए गौरव को खेलों में लगाया। स्केट बोर्ड पर प्रेक्टिस करने का निर्णय गौरव का ही था। वह अपनी हाईट से भी ज्यादा ऊंची छलांग मारता था। इसी लिए वह सबसे बेहतर है। वे तीन नेशनल में गोल्ड जी चुका है। अब आप इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करते देखेंगे।

### 1.2 मीटर का बड़ा धमाका

गौरव के पिता आशीष पेशे से साइंटिस्ट हैं और लगातार बेटे की गेम को सपोर्ट कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्केट बोर्ड करने का फैसला गौरव का था और हम सभी उसकी गेम को सपोर्ट करते हैं। वो अपनी हाइट (1.2 मीटर) से काफी ऊंची जंप लगाता है, इसीलिए बेस्ट है। उसने तीन नेशनल में खेलते हुए तीनों में गोल्ड मेडल जीता है, लगातार वो गुजरात के लिए अच्छा कर रहा है। जल्दी ही आप उसे इंटरनेशनल सर्किट पर भी अच्छा करते देखेंगे।

## मोबाइल, पर्स भी बाहर रोके गए

# जूते पहनकर नहीं मिला परीक्षा केन्द्र में प्रवेश



### तगड़ी सुरक्षा के बीच 9 केन्द्रों पर हुई पीएससी की परीक्षा

छतरपुर।

रविवार को लोक सेवा आयोग की प्राथमिक परीक्षा का आयोजन छतरपुर के 9 परीक्षा केन्द्रों पर किया गया। इस प्री परीक्षा को दो पालियों में किया गया। पहली पाली में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक जीएस का प्रश्न पत्र हल कराया गया तो वहीं दूसरी पाली में दोपहर 2.15 बजे से 4.15 बजे के बीच सी-सेट का प्रश्न पत्र हल कराया गया। इस परीक्षा में सुरक्षा के तगड़े इंतजाम रखे गए।

महिला बाल विकास अधिकारी एवं पीएससी परीक्षा के कंट्रोल रूम प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि पूरी परीक्षा पारदर्शी और सुरक्षित तरीके से नियमानुसार सम्पन्न हुई। पूर्व से निर्धारित गाइड लाइन के मुताबिक विद्यार्थी चप्पल पहनकर ही परीक्षा केन्द्र के भीतर जा सके। क्योंकि इस परीक्षा में जूते भी स्वीकार नहीं होते हैं। परीक्षा के दौरान मोबाइल, गेजेट आदि का उपयोग भी वर्जित किया गया। परीक्षा को लेकर कई अधिकारियों की तैनाती की गई। परीक्षा केन्द्रों के आसपास पुलिसकर्मियों को भी तैनात रखा गया। कुछ परीक्षा केन्द्रों के आसपास लाउड स्पीकर बज रहे थे जिन्हें तत्काल प्रशासनिक टीमों ने बंद कराया।

### विद्यार्थी बोले सामान्य रहे दोनों पेपर

परीक्षा को देकर बाहर निकले विद्यार्थियों ने दोनों ही प्रश्न पत्रों को सामान्य और आसान बताया। परीक्षा देकर आए अखिलेश पटेल ने कहा कि जीएस और सी-सेट दोनों ही पेपर यूपीएससी पैटर्न पर आधारित सामान्य प्रश्न पत्र की तरह थे। कोई भी कठिन या जटिल सवाल इसमें नहीं था। शिवम नायक ने कहा कि डाटा आधारित प्रश्न पत्रों की कमी थी लेकिन प्रश्न पत्र सामान्य रहा। देवेन्द्र ने भी कहा कि उन्हें पूरी उम्मीद है कि वे इस प्री एग्जाम को पास कर लेंगे।

### इन केन्द्रों पर आयोजित की गई परीक्षा

रविवार को पीएससी की परीक्षा छतरपुर के 9 केन्द्रों पर आयोजित की गई जिनमें मोतीलाल नेहरू लॉ कॉलेज, वीरांगना अवंतीबाई महाविद्यालय, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल क्रमांक 2, सरस्वती हायर सेकेण्डरी स्कूल, महर्षि विद्या मंदिर, महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल, गर्ल्स कॉलेज, एक्सीलेंस स्कूल, सन्मति विद्या मंदिर शामिल रहे।

# पुलिस को गुमराह कर एटीएम मशीनों से चोरी करने वाला गिरोह गिरफ्तार

### दो दिन पहले पुलिस को चकमा देकर भागे थे बदमाश, 48 घंटे में पुलिस ने पकड़ा

छतरपुर। दो दिन पहले गुलगंज थाना क्षेत्र में एक एटीएम को निशाना बना रहे करीब आधा दर्जन बदमाशों के संबंध में पुलिस को सूचना मिली थी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर बदमाशों का गिरोह भागने में कामयाब हो गया था। चूंकि मामला गंभीर था इसलिए थाना पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में कड़ी मशक्कत करते हुए गिरोह के 6 में से 5 सदस्यों को महज 48 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने बताया है कि वे डायल-100 की पुलिस को गलत जानकारी देकर गुमराह कर देते थे और इसके बाद घटनाओं को अंजाम देते थे। पकड़े गए गिरोह के पास से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त उपकरण भी बरामद किए हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक 14 और 15 दिसंबर की दरम्यानी रात गुलगंज में करीब आधा दर्जन अज्ञात बदमाश एटीएम के गार्ड के साथ छीना-झपटी कर उसे भगाने के बाद एटीएम मशीन के साथ छेड़छाड़ कर रहे थे। इसकी सूचना जैसे ही पुलिस को मिली, वैसे ही पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी लेकिन पुलिस को देखकर सभी बदमाश अंधेरे का फायदा उठाते हुए मौके से भाग निकले थे। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेकर बदमाशों की तलाश हेतु एक टीम का गठन किया, जिसने महज 48 घंटे के भीतर उक्त गिरोह के 6 में से 5 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। सभी आरोपी गुलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरा के रहने वाले बताए गए हैं।



पकड़े गए बदमाशों ने पूछताछ में बताया कि एटीएम में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने से पहले वे डायल-100 पुलिस को गलत जानकारी देकर किसी गलत स्थान की ओर रवाना कर देते थे ताकि घटना स्थल के आसपास पुलिस न रहे और वे एटीएम मशीनों से चोरी कर सकें। 14 तारीख की रात को भी आरोपी इसी तरह से घटना को अंजाम देने का प्रयास कर रहे थे लेकिन पुलिस को सही जानकारी मिलने के कारण पुलिस मौके पर पहुंच गई और उन्हें मौके से भागना पड़ा। इसके अलावा बदमाशों ने विगत 19 जुलाई 2023 को भी गुलगंज के एक एटीएम से चोरी का प्रयास करने की बात स्वीकार की है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने गैस कटर, ऑक्सीजन सिलेंडर, लोहे का पाईप और दो मोटरसाइकिल जप्त की हैं। घटना में शामिल एक आरोपी अभी फरार है, जिसकी तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है। इस कार्यवाही में गुलगंज थाना प्रभारी उपनिरीक्षक रवि उपाध्याय, रामआसरे सोनकर, सहायक उपनिरीक्षक मनोहरलाल सोनी, दौलत सिंह, प्रधान आरक्षक कैलाश, राजाराम, प्रवेश तिवारी, इशाक खान, आरक्षक सतीश परसारिया, शीलेन्द्र सिंह, राकेश चढ़ार, घनश्याम, मुकेश प्रजापति थाना गुलगंज के अलावा प्रधान आरक्षक अरविंद कुशवाहा, आरक्षक कपिंद्र, बीडी यादव थाना कोतवाली छतरपुर तथा साइबर सेल के संदीप तोमर की अहम भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला आज

**रीवा ।** मध्यप्रदेश रोजगार दिवस कार्यक्रम के तहत जिले के शिक्षित युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देशन में आज 18 दिसंबर को नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया गया है। यह मेला संभागीय आईटीआई रीवा में प्रातः 10 बजे आरंभ होगा। इस संबंध में प्राचार्य संभागीय आईटीआई ने बताया कि रोजगार मेले में 4 कंपनियां भाग ले रही हैं। इनमें वाल्वो आयशर लिमिटेड देवास, एल एण्ड टी अहमदाबाद, बिरला केबिल लिमिटेड रीवा तथा व्हीटीएल रीवा कंपनियाँ शामिल हैं। आवश्यक अभिलेखों के साथ युवा प्रातः 10 बजे संभागीय आईटीआई में उपस्थित होकर साक्षात्कार में शामिल हो सकते हैं। चयन होने पर अप्रेंटिसशिप के दौरान 11 हजार रुपए स्टायपेंड तथा अन्य सुविधाएं दी जाएंगी। प्राचार्य ने बताया कि रोजगार मेले में शामिल होने के लिए अभ्यर्थी को आईटीआई उत्तीर्ण होना चाहिए तथा उसकी आयु 18 से 25 वर्ष के बीच हो। इच्छुक अभ्यर्थी अपने साथ मूल अंकसूची की छायाप्रति, निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड, वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम पासपोर्ट साइज के 2 फोटोग्राफ के साथ मेले में शामिल होकर इस अवसर का लाभ उठायें।

### जनपद स्तरीय समीक्षा बैठकों का आयोजन

**रीवा ।** जनपद स्तर पर समीक्षा बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज 18 दिसंबर को त्योंथर तथा 20 दिसंबर को नईगढ़ी में जनपद स्तरीय बैठक आयोजित की गई है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. सौरभ सोनवणे ने बताया कि बैठक में नरेगा, प्रधानमंत्री आवास, स्वच्छ भारत मिशन, वित्त के कार्यों, सीएम हेल्पलाइन आदि कार्यों की समीक्षा की जायेगी। उन्होंने जनपद के सीईओ को अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थिति के निर्देश दिये हैं।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा आज भ्रमण करेगी

**रीवा ।** विकसित भारत संकल्प यात्रा आज 18 दिसम्बर को रीवा नगर पालिक निगम क्षेत्र के जोन क्रमांक तीन व जोन क्रमांक चार में भ्रमण करेगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जोन क्रमांक तीन के शिवनगर मोड में प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा जोन क्रमांक चार में महामृत्युंजय काम्पलेक्स एसएएफ चौराहा में अपरान्ह 2 बजे से शाम 5 बजे तक विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जाएगा।

### जरूरतमंदों को बांट रहे कंबल

**रीवा ।** अग्रिम सरोकारों से जुड़ी संस्था बेनिसन हेल्पिंग सोशल वेलफेयर सोसायटी के शीतदूत लगातार शहर शहर में घूम घूम कर बात रही है लोगो को ठंड से राहत पाने के लिए कंबल टोपा साल बांटने का काम संगठन द्वारा किया जा रहा है कड़ाके की ठंड में रोज रात के 11 बजे अपने प्रखंड के पोषक क्षेत्र का भ्रमण करते हैं। भ्रमण के पीछे उनकी मंशा जो हम तक नही पहुंचते उन तक हम पहुंचे गरीबों एवं जरूतमंदों की सेवा करना है। ठिठुर रहे गरीबों को कंबल साल टोपा प्रदान करते हैं। कड़ाके की ठंड में जहां लोग शाम होते ही घर में दुबक जाते हैं, वहीं रास्ते में उन्हें जो जरूरतमंद ठंड ठिठुरते मिल जाते हैं उनके कष्ट को दूर करने में अपनी दरियादिली दिखाते हैं। ऐसे लोगों के बीच खुद कंबल साल टोपा का वितरण करते हैं। कंबल वितरण का यह उनका सिलसिला कई दिनों से चल रहा है, जिसमे बेनिसन हेल्पिंग सोसल वेलफेयर सोसायटी के द्वारा तीन सौ से जादा कंबल साल टोपा बाते जा चुके है
संस्था के मार्गदर्शक राकेश यंगल बेनिसन हेल्पिंग सोशल वेलफेयर सोसायटी की अध्यक्ष श्लेषा शुक्ला पूजा तिवारी अतुल द्विवेदी अमन सिंह अमर सिंह कुशवाहा ऋषभ सेन स्मृति केशरवानी अंजली निषाद गौरव पांडेय स्वाति सिंह प्रतिमा पांडेय प्रिया पाण्डेय सौरभ द्विवेदी सौरभ शुक्ला कोमल पांडेय संध्या पांडेय कीर्ति मिश्रा अंकिता शुक्ला आदि अन्य टीम द्वारा शीतदूत बनकर कंबल टोपा साल बांटने का सराहनीय कार्य किया जा रहा है।

# बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में शेष निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करें - उप मुख्यमंत्री

## गौवंश वन्य विहार को आत्मनिर्भर बनाने के सभी प्रयास प्राथमिकता से होंगे





**उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने बसामन मामा गौवंश वन्य विहार के रेस्ट हाउस में गत रात्रि विश्राम किया। उन्होंने 17 दिसंबर को प्रात: गौपूजन एवं बसामन मामा का पूजन कर दिन के अन्य कार्यों की शुरूआत की।**

रीवा !

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने बैठक में बसामन मामा गौवंश वन्य विहार के संचालन के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि एक करोड़ रूपये से बनने वाले आफिस निर्माण का कार्य शीघ्र प्रारंभ करायें तथा टमस नदी से गौवन्य विहार तक 69.80 लाख रूपये से पहुंचाये जाने वाली पानी की व्यवस्था को कार्ययोजनानुसार पूरी करें। उन्होंने वन्य विहार के संपूर्ण परिसर को हरीतिमा युक्त करने के लिये सघन वृक्षारोपण के भी निर्देश तथा देते हुए कहा कि सभी पेड़ जीवित रहें ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करायें। श्री शुक्ल ने कहा कि बसामन मामा गौवंश वन्य विहार को आत्मनिर्भर बनाने के सभी कार्य प्राथमिकता से कराये जायेंगे। गौवंश से निर्मित होने वाली बर्मी खाद, सफाई के उपयोग में गौमूत्र से बनने वाले गोनाइल तथा अन्य उत्पादित सामग्री के शासकीय कार्यालयों व संस्थानों में विक्रय का प्रबंधन करें विभागों से एमओयू करायें ताकि यहां के उत्पाद बिकें और गौवंश वन्य विहार की आमदनी के स्त्रोत बढ़े। उन्होंने पशु चिकित्सालय के पास व अन्य स्थानों में पेवर ब्लाक लगाने तथा साफ-सफाई रखने के निर्देश दिये।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बसामन मामा गौवंश वन्य विहार वापसी पहचान स्थापित कर चुका है। इसके समीप स्थित पुर्वाफाल के सौन्दर्गीकरण के साथ ही सैलानियों की भीड़ रहती है अब वह गौवंश वन्य विहार भी आयें ऐसी व्यवस्थायें सुनिश्चित कराई जांय। श्री शुक्ल ने बैठक में कलेक्टर को निर्देशित किया कि जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में कम से कम एक बड़ा गौवंश वन्य विहार का निर्माण कराने के लिये पर्याप्त जमीन की तलाश करायें ताकि जिले के बेसहारा गौवंश के संरक्षण के प्रयासों में तेजी से सफलता मिल सकें। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि गौवंश वन्य विहार में सभी कार्य गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूरे करायें। परिसर की सड़क के किनारे भी वृक्ष लगवायें तथा सूख गये पेड़ के स्थान पर अच्छे अन्य पेड़ लगवायें। उन्होंने बसामन मामा मंदिर घाट निर्माण कार्य के संबंध में जानकारी ली तथा कार्य प्रारंभ कराने की बात कही। बैठक में सेमरिया के पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, अध्यक्ष नगर निगम रीवा व्यंकटेश पाण्डेय, सीईओ जिला पंचायत डॉ. सौरभ सोनवणे, वनमण्डलाधिकारी अनुपम शर्मा, अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम सिरमौर भारती मरावी, पूर्व महापौर शिवेन्द्र सिंह, समाजसेवी राजेश पाण्डेय, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. राजेश मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामों के नागरिक उपस्थित रहे।



## सूफी इकरा प्रतिभा सम्मान द्वारा विशाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

### शासकीय कन्या घोघर स्कूल में हुआ संपन्न

रीवा !

रविवार को शासकीय कन्या घोघर कन्या स्कूल में निशुल्क विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मेडिसिन विभाग के विशेषज्ञ, दांत रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, हृदय रोग विशेषज्ञ, स्किन रोग, और हड्डी रोग विशेषज्ञ मौजूद रहे। इस शिविर में शुगर जांच के साथ ही कोलेस्ट्रॉल, कैल्शियम, यूरिक एसिड के साथ ही अन्य जांचे की गई और शिविर में आने वाले मरीजों को जरुरत के हिसाब से निशुल्क दवा उपलब्ध कराई गई। इस शिविर में काफी संख्या में पहुंचकर मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ लिया इस तरह के निशुल्क स्वास्थ शिविर मरीजों के लिए काफी फायदेमंद होते है और इससे मरीजों को काफी फायदा भी होता है। क्योंकि मरीजों को डाक्टरों को दिखाने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता है और जांचो के लिए भटकना भी पड़ता है और पैसे खर्च करने पड़ते है। लेकिन इस तरह के स्वास्थ्य शिविर में एक ही जगह पर सारी जाँचे निशुल्क हो जाती है और एक ही जगह पर सभी विभागों के विशेषज्ञ डाक्टर भी मौजूद रहते है।

# जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची विभिन्न ग्राम पंचायतों में

## योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही हितग्राहियों को किया जा रहा है लाभांवित





रीवा

विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में पहुंची। यात्रा के माध्यम से लोगों को विभिन्न केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं का लाभ, लक्षित लाभार्थियों, खास तौर से वंचित व आकांक्षी लोगों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। यात्रा का उद्देश्य जन सामान्य में योजनाओं का प्रचार प्रसार एवं जागरूकता पैदा करना है। वंचितों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। लाभार्थियों के व्यक्तिगत कहानियों एवं अनुभव साझा करने के माध्यम से सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी एकत्रित की जा रही है। यात्रा के दौरान प्राप्त आवेदनों के आधार पर संभावित लाभार्थियों का नामांकन व चयन भी किया जा रहा है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित की जा रही है। प्रचार प्रसार हेतु वीडियो वैन में आडियो, वीडियो, ब्रोसर आदि सामग्री उपलब्ध है। यात्रा के दौरान विभागीय स्टालों में योजनाओं की जानकारी देने व हितलाभ के लिए आवेदन प्राप्त करने का कार्य किया जा रहा है। शिविरों में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच तथा दवा वितरण की भी व्यवस्था करायी गयी है। जनपद सिरमौर के तेदुन एवं डिहिया, जनपद गंगेव के विसौली एवं पुरवा 310, जनपद रीवा के भिटवा एवं अमवा जनपद जवा के घूमन तथा रायपुर कर्चुलियान अन्तर्गत ग्राम पंचायत पड़रा व रौरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया।

यात्रा के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित अभियान मे आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीन दयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना, पीएम उज्जवला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, पीएम पोषण योजना, हर घर जल जल जीवन मिशन, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नैनो उर्वरक का उपयोग,स्वाइल हैल्थ कार्ड उन्नत कृषि यंत्र वितरण आदि को शामिल किया गया है ।

इसी तरह शहरी क्षेत्रों में आयोजित अभियान में पीएम स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम मुद्रा लोन योजना, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया, आयुष्मान भारत , पीएम आवास योजना (शहरी), स्वच्छ भारत अभियान (शहरी), उज्ज्वला योजना, अमृत योजना, पीएम जन औषधि परियोजना, सौभाग्य योजना, डिजिटल भुगतान अधौसंरचना आदि का यात्रा के दौरान लाभ हितग्राहियों को दिलाया जा रहा है।

# सहारा निवेशकों की बैठक हुई संपन्न

## 27 दिसंबर को दिल्ली में होगा राष्ट्रीय प्रदर्शन



रीवा

जिले मे नगर के विवेकानंद पार्क में सहारा निवेशकों की संघर्ष समिति की बैठक संपन्न हुई जिसमें आगामी दिनों 27 दिसंबर को दिल्ली में हो रहे राष्ट्रीय प्रदर्शन में रीवा जिले से निवेशक ज्यादा से ज्यादा संख्या में दिल्ली पहुंचे इसका निर्णय किया गया वहीं निवेशकों के पैसे को वापस दिलाने के लिए हर स्तर पर संघर्ष का निर्णय लिया गया बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिवक्ता योगेंद्र शुक्ला ने कहा कि रीवा जिले के लगभग 200 करोड रुपए फंसे हुए हैं गरीब से लेकर आमिर तक के पैसे लगे हुए हैं हमें हर उस लड़ाई को लड़ना है जिससे सभी के पैसे वापस हो सके सरकार को ज्ञापन के माध्यम से पैसा वापस दिलाने का प्रयास किया जाएगा साथ ही कानूनी लड़ाई के लिए भी हमें तैयारी करनी होगी आने वाले 27 दिसंबर को दिल्ली में राष्ट्रीय व्यापी प्रदर्शन हो रहा है जिसमें रीवा जिले से ज्यादा से ज्यादा संख्या में निवेशक पहुंचे इसके लिए हमें जन जागरूकता अभियान चलाना होगा और अधिकारियों के माध्यम से प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंप कर पैसा वापस दिलाने की प्रक्रिया को सरल करने का प्रयास भी किया जाएगा वहीं सहारा इंडिया के रीवा जिले के वरिष्ठ कार्यकर्ता आत्मानंद चौबे ने भी सहारा निवेश से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी को साझा करते हुए सभी सहारा निवेशकों से संघर्ष करने के लिए तैयार होने की अपील की कार्यक्रम संयोजक दीपक शर्मा ने भी कई महत्वपूर्ण जानकारी देकरऔर सभी को एकता के सूत्र में पिरोने का संकल्प दोहराया जिससे हम अपनी ताकत को और अधिक बढ़कर सरकार और प्रशासन के ऊपर पैसा वापस करने का दबाव बनाने में सफल हो सके बैठक में अशोक कुमार गुप्ता नागेंद्र कुमार द्विवेदी नंदकुमार गौतम संजय भगत चंद्रमल मिश्रा हरिशंकर गुप्ता राम लखन यादव प्रदीप कुमार सोंधिया क्रांति मणि शर्मा अर्चना गुप्ता सहित बड़ी संख्या में निवेशक उपस्थित हुए।

नईगढ़ी में एक माह में एक दर्जन से अधिक हुई चोरी

# चोर सेंधमारी कर नगदी और जेवरात उठा ले गये





### 12 लाख रुपए से अधिक की चोरी

मऊगंज।

जिले के अंतर्गत चोरी की घटना प्रतिदिन जारी है,लेकिन आज तक पुलिस एक भी चोरी का खुलासा करने मे नाकामयाब रही,जिससे चोरो के हौंसले बुलंद है।जागते रहो क्योंकि सो रही है पुलिस शायद यह बातें नईगढ़ी पुलिस के ऊपर चरितार्थ होती है क्योंकि क्षेत्र में एक माह के अंदर दर्जनो चोरी की वारदातों के बाद भी पुलिस अपनी कुंभकर्णी नींद से नहीं जग पा रही है जिसके चलते अज्ञात चोरों ने बीती रात्रि एक ऐसे घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया जहां दो बेटियों के शादी की तैयारी की जा रही थी उससे पहले ही चोरों ने घर में रखे सारे जेवरात सहित नगदी लेकर फरार हो गए घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर महज खाना पूर्ति कर वापस चली आई है। चोरी की इस वारदात के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक नईगढ़ी थाना क्षेत्र के ग्राम हड़िया निवासी गंगा प्रसाद तिवारी अपने दो नातिन की शादी की तैयारी में जुटे हुए थे, दोनों नातिन की शादी के लिए उनके द्वारा जेवरात और पैसे एकत्रित कर घर में रखे गए थे इसी दौरान बीती रात्रि अज्ञात चोरों ने घर की दीवार में सेंधमारी कर अंदर घुसे और शादी के लिए रखें सारे जेवरात सहित नगदी लेकर फरार हो गए पीड़ित गंगा प्रसाद तिवारी ने बताया कि अज्ञात चोरों ने तकरीबन 12 लाख रुपए से ज्यादा की चोरी की वारदात को अंजाम दिया है उन्होंने बताया कि आज सुबह चोरी की जानकारी पुलिस को दी गई जिसके बाद डायल 100 नम्बर पुलिस मौके पर आई और खाना पूर्ति कर वापस चली गई, नईगढ़ी थाना क्षेत्र में बीते कुछ दिनों से लगातार चोरी और सेंधमारी की वारदातें हो रही है इसके बावजूद भी पुलिस ने अब तक किसी भी गिरोह को चिन्हित नहीं किया है ना ही मामले में किसी को गिरफ्तार किया है जिसके चलते अज्ञात चोरो के हौसले बुलंद है लगातार वारदातों को अंजाम दे रहे हैं।

# जीतू पटवारी के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनने से कांग्रेस में नई ऊर्जा का होगा संचार

मऊगंज।



जिला कांग्रेस कमेटी रीवा ग्रामीण के पूर्व महामंत्री मऊगंज विधानसभा के कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजू सिंह सेंगर ने जीतू पटवारी को मध्य प्रदेश कांग्रेस का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि जीतू पटवारी के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर मध्य प्रदेश में नौजवान कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार होगा और आने वाले समय में कांग्रेस मजबूती के साथ आगे बढ़ेगी। कांग्रेस नेतृत्व ने जो यह निर्णय लिया है वह स्वागत योग्य है ।नौजवानों को संगठन में जगह मिलने से कांग्रेस काफी तेजी से मजबूती की दिशा में आगे बढ़ेगी। राजू सिंह सेंगर ने कहा कि रीवा जिले में भी इसका व्यापक असर पड़ेगा यूथ तेजी से कांग्रेस की तरफ बढ़ेगा और कांग्रेस काफी मजबूत होगी।इस निर्णय से लोकसभा चुनाव में व्यापक असर होगा। देर से ही सही लेकिन कांग्रेस नेतृत्व ने जो निर्णय लिया वह स्वागत योग्य है। माननीय जीतू पटवारी को प्रदेश अध्यक्ष बनाकर जो संदेश केंद्रीय नेतृत्व ने दिया है वह स्वागत योग है वही उमंग सिंगार को नेता प्रतिपक्ष एवं उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे को बनाए जाने पर राजू सिंह सेंगर ने बधाई दी है।

### उप मुख्यमंत्री ने बसामन मामा की पूजा अर्चना

**रीवा ।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने बसामन मामा मंदिर पहुंचकर बसामन मामा की पूजा अर्चना कर उनकी आरती उतारी। श्री शुक्ल ने बसामन मामा से रीवा जिले एवं मध्यप्रदेश के सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान पूर्व विधायक सेमरिया केपी त्रिपाठी भी उपस्थित रहे। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में गौपूजन किया तथा गौमाता का आशिर्वाद लिया। इस दौरान पूर्व विधायक श्री केपी त्रिपाठी, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, सीईओ जिला पंचायत डॉ. सौरभ सोनवणे भी उपस्थित रहे।